Patrika (Indore), 21st November 2015, Page – 02

# आईआईटी दीवार मामले में चीफ जस्टिस को लिखा पत्र

इंदौर @ **पत्रिका**. सिमरोल में बन रहे आईआईटी के नए भवन की बाउंड्रीवॉल को लेकर हाई कोर्ट में लगी जनहित याचिका के संबंध में चीफ जस्टिस ऑफ मप्र, जबलपुर को पत्र लिखा गया है। याचिकाकर्ता कैलाश अग्निहोत्री सहित 15 लोगों के हस्ताक्षर से लिखे गए इस पत्र में याचिका की सुनवाई इंदौर की विशेष बेंच में करने के स्थान पर जबलपुर में करने की मांग की गई है। इंदौर में लगने वाली विशेष पीठ अब तक इस याचिका की सुनवाई कर रही है।